## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना** की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम जारी है। लिंग आधारित प्रथाओं को रोकने और बालिकाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत 22 जनवरी 2015 में की गई थी। इस योजना के दस साल पूरे होने के मौके पर 22 जनवरी से लेकर 8 मार्च तक पूरे देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस जश्न का समापन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर भी शामिल हैं।

*******************

हजारीबाग जिले के **सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस** में छठी से नवीं कक्षा में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छठी कक्षा में 40 बच्चों का नामांकन होना है, जबकि सातवीं से नवीं में खाली सीटों पर लैटरल एंट्री से नामांकन लिया जाना है। निर्धन परिवारों के बच्चों के लिए निःशुल्क सीबीएसई शिक्षा का अवसर है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी है, जो **ई–विद्या वाहिनी पोर्टल** पर किया जा सकता है।

*******************

10वीं और 12वीं परीक्षा में विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए कोडरमा जिला प्रशासन की ओर से खास पहल की जा रही है। परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए बच्चों को सम्पूर्ण शिक्षा कवच से जोड़ा गया है, जिसके जरिये उन्हें 24 घंटे ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा दी जा रही है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है।

*******************

राज्य में आज पुलिस प्रशासन की ओर से जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रम में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में लोहरदगा में पुलिस ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया है जिस में मुख्य अतिथि आईजी असीम विक्रांत मिंज रहे। मौके पर अधिकारियों ने लोगों को कानूनी जानकारी दी और समस्याओं का समाधान किया।

*******************

इधर, पाकुड़ में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में डीआईजी अंबर लकड़ा और एसपी प्रभात कुमार की मौजूदगी में लोगों की समस्याओं का निपटारा किया गया। साइबर क्राइम और जमीन विवाद से जुड़े मामलों पर जागरूकता और कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

*******************

गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन में दो करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। बताया जाता है कि रेलवे स्टेशन में टिकट बिक्री के 2 करोड़ से ज्यादा रुपये गायब कर दिये गए हैं। यह गड़बड़ी वर्ष 2023 में हुई है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरु कर दी गयी है। घोटाले का आरोप एसबीआई द्वारा स्टेशन से बैंक तक पैसा लाकर जमा करने के लिये अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड के कर्मियों अजय कुमार गुप्ता और प्रेमचंद्र प्रजापति पर लगाया गया है।

*******************

देवघर जिले में रेल और सड़क नेटवर्क का तेजी से विकास हो रहा है।

*******************

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आज बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के रांची और गुमला स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना रांची में दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा। यह मैच शाम छह बजे से खेला जायेगा। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में आज जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा। यह मैच रांची में रात सवा आठ बजे शुरू होगा।

***************